Reg. No. : .......................................

Name : ...............................................

**SY 723**

# SECOND YEAR HIGHER SECONDARY EQUIVALENCY EXAMINATION, MAY 2024
## Part – II
## HINDI
**Maximum : 80 Scores**

Time : 2½ Hours
Cool-off Time : 15 Minutes

---

**उम्मीदवारों के लिए सामान्य निर्देश :**

- *लेखन समय के अलावा, यहाँ 15 मिनट का 'कूल ऑफ टाइम' है ।*
- *प्रश्नों से परिचित होने के लिए और अपने उत्तरों की योजना बनाने के लिए 'कूल ऑफ टाइम' का प्रयोग करें ।*
- *उत्तर देने से पहले प्रश्नों को ध्यान से पढ़ें ।*
- *निर्देशानुसार विशिष्ट प्रश्न संख्या के उत्तर लिखें ।*

**Score**

**सूचना : 1 से 5 तक के प्रश्नों के उत्तर कोष्ठक से चुनकर लिखें ।** **(5×1=5)**

**1.** 'पेड़ की पीड़ा' कहानी के रचयिता कौन हैं ?

(असगर वजाहत, राजेश जोशी, कन्हैयालाल मिश्र 'प्रभाकर')

**2.** 'मुर्दहिया' किसकी आत्मकथा है ?

(डॉ. तुलसीराम, कात्यायनी, जवाहरलाल नेहरू)

**3.** प्रतियोगिता में बच्चों ने सबसे हरा किसको बनाया ?

(पेड़ को, मकान को, सड़क को)

Score

**4.** दादाजी को किसने मार डाला ?

(मिनांदर ने, भूत ने, घरवालों ने)

**5.** स्त्री किससे संवाद करती है ?

(माँ से, एकांत से, मित्र से)

**सूचना : कवितांश पढ़ें और 6 से 8 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें ।**

एक दिन

वह कुछ नहीं कहती अपने एकांत से

कोई भी कोशिश नहीं करती

दुख बाँटने की

बस, सोचती है ।

बह सोचती है

एकांत में

नतीजे तक पहुँचने से पहले ही

खतरनाक घोषित कर दी जाती है ।

**6.** ये पंक्तियाँ किनकी हैं ? **(1)**

(कात्यायनी की, राजेश जोशी की, ज्ञानेंद्रपति की)

**7.** स्त्री को खतरनाक क्यों घोषित कर दी जाती है ? **(2)**

**8.** कवितांश की आस्वादन टिप्पणी लिखें । **(6)**

Score

**सूचना : 9 से 14 तक के प्रश्नों में से किन्हीं 4 के उत्तर लिखें ।** **(4×4=16)**

**9.** हाइकू पढ़ें और भावार्थ लिखें ।

पत्थर नहीं
ख्वाबों से भी बनता
ताजमहल

**10.** जीवन–वृत्त पढ़ें और 'ज्ञानेंद्रपति' के बारे में एक अनुच्छेद लिखें ।

जीवन–वृत्त

| | | |
|---|---|---|
| नाम | : | ज्ञानेंद्रपति |
| जन्म | : | जनवरी 1950 |
| जन्मस्थान | : | पथरगामा गाँव, झारखण्ड |
| प्रमुख रचनाएँ | : | गंगातट, संशयात्मा |
| पुरस्कार | : | साहित्य अकादमी पुरस्कार |

**11.** सही मिलान करें ।

| | |
|---|---|
| निहारना | माथा |
| ललाट | रक्त |
| छोर | देखना |
| खून | किनारा |

Score

**12.** ये कथन पढ़ें और 'पेड़' के चरित्र पर टिप्पणी लिखें ।

''मुझे यह संसार, अब तुम्हें पाकर बसा हुआ दीखने लगा है ।''

''मैं कैसे जा सकता हूँ कहीं; तुम देखते नहीं कि मैं पेड़ हूँ ।''

**13.** शेर के मुँह के अंदर जानवरों के घुसने का दृश्य देखकर 'मैं' पात्र क्यों चकित हुआ ?

**14.** कवितांश पढ़ें और आशय लिखें ।

चीज़ों का बनाते चले जाने के उत्साह में

इतना ज्यादा भर गया चित्र

कि गेंद को रखने की कोई जगह ही

नहीं बची चित्र में

**सूचना : गद्यांश पढ़ें और प्रश्न 15 और 16 के उत्तर लिखें ।**

मेरी इस आकांक्षा की पुष्टि के लिए और भारत की संस्कृति को श्रद्धांजलि भेंट करने के लिए मैं यह दरख्वास्त करता हूँ कि मेरी भस्म की एक मुट्ठी इलाहबाद के पास गंगा में डाल दी जाए, जिससे कि वह उस महासागर में पहुँचे जो हिंदुस्थान को घेरे हुए है ।

मेरी भस्म के बाकी हिस्से का क्या किया जाए ? मैं चाहता हूँ कि इसे हवाई जहाज में ऊँचाई पर ले जाकर बिखेर दिया जाए उन खेतों पर, जहाँ भारत के किसान मेहनत करते हैं ताकि वह भारत की मिट्टी में मिल जाए और उसी का अंग बन जाए ।

**15.** नेहरू क्या दरख्वास्त करते हैं ? **(2)**

**16.** गद्यांश का संक्षेपण करें । **(6)**

**Score**

**सूचना : 17 से 20 तक के प्रश्नों में से किन्हीं 3 के उत्तर लिखें ।** **(3×6=18)**

**17.** 14 नवंबर 'विश्व मधुमेह दिवस' (World Diabetic Day) है । इस अवसर पर आपके गाँव के पुस्तकालय में एक मेडिकल शिबिर (Medical Camp) का आयोजन हो रहा है । इसके लिए एक उचित पोस्टर तैयार करें ।

**18.** अंग्रेज़ी खंड का हिंदी में अनुवाद करें ।

In the village, people are with their friends. There are some houses and some fields. People come together and work together.

(village – गाँव, people – लोग, field – खेत, together – मिलकर)

**19.** 'शेर' कहानी के आधार पर 'शेर' और 'मैं' पात्र के बीच की संभावित बातचीत तैयार करें ।

- शेर की कपटता की पहचान
- शेर के छल पर 'मैं' का विरोध
- दूषित समाज पर व्यंग्य ।

**20.** थकान दूर होने पर यात्री पेड़ के नीचे से चला जाता है । घर जाकर वह अपनी डायरी लिखता है । वह डायरी तैयार करें ।

- थका-माँदा यात्री का आना
- पेड़ के नीचे आराम करना
- दोनों के बीच बातें होना
- थकान दूर होने पर यात्री का चला जाना ।

Score

**सूचना : 21 से 24 तक के प्रश्नों में से किन्हीं 3 के उत्तर लिखें ।** **(3×8=24)**

**21.** त्रिवेणी कंपनी की ओर से एक नया साबुन (soap) बाज़ार में आया है । इसकी बिक्री बढ़ाने के लिए एक आकर्षक विज्ञापन तैयार करें ।

- सुंदर मुलायम त्वचा के लिए
- कीटाणुओं से सुरक्षा
- रासायनिक मुक्त
- खुशबूदार ।

**22.** मान लें, नेहरूजी के देशप्रेम के बारे में रमेश अपने मित्र के नाम पत्र लिखते हैं । मेरी बसीयत के आधार पर वह पत्र तैयार करें ।

- देश के प्रति आदर
- भस्म खेतों में बिखेरना
- जनता के प्रति प्यार
- भारत की संस्कृति पर गर्व

**23.** सही मिलान करें ।

| | |
|---|---|
| Cash | खाता |
| Amount | अनुवादक |
| Account | प्रबंधक |
| Cashier | सूद |
| Enquiry | राशि |
| Manager | नकद |
| Interest | रोकडिया |
| Translator | पूछताछ |

Score

**24.** 'बढ़ता अंधविश्वास घटती मानवता' शीर्षक विषय पर एक लेख तैयार करें ।

- शिक्षा का अभाव और अंधविश्वास का बढ़ाव
- प्रगति का रुकावट
- रीति-रिवाज़ों के नाम पर अंधविश्वास का बढ़ाव
- शिक्षा के प्रचार-प्रसार की आवश्यकता ।

---